—प्रेस नोट—
जनपद मीरजापुर।

दिनांक -26.03.2021

थाना चुनार पुलिस द्वारा पिकअप पर क्रूरतापूर्वक लादकर वध हेतु ले जा रहे कुल 07 राशि गोवंश बरामद —

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.03.2021 को उ0नि0 विरेन्द्र यादव मय हमराह क्षेत्र में गश्त व देखभाल मे मामूर थे कि जरिये मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप(बिना नम्बर) पर क्रूरता पूर्वक गोवंश लादकर वध हेतु बिहार ले जा रहे है। उक्त सूचना पर चुनार पुलिस टीम द्वारा सीरसी मोड़ पर वाहनों की सघन चेकिंग की जाने लगी, तभी पिकअप आती हुई दिखाई दी, पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा करने पर चालक पिकअप की गति तेजकर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर नैपुरवा रोड़ के पास पिकअप छोड़कर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा। पुलिस टीम द्वारा उक्त पिकअप की तलाशी ली गयी तो पिकअप मे क्रूरतापूर्वक लादे गये 07 राशि गोवंशो को बरामद किया गया। बरामद गोवंशो में 06 जीवित तथा 01 मृत है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर, पिकअप (बिना नम्बर) को 207 एमवी एक्ट में सीज कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद गोवंश को ललईपुर(फिरोजपुर) चुनार गोशाला में दाखिल कराया गया।

विवरण बरामदगी —

1. पिकअप (बिना नम्बर)
2. कुल 07 राशि गोवंश (06 जीवित व 01 मृत)

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण —

1.उ0नि0 विरेन्द्र यादव थाना चुनार, मीरजापुर।
2.हे0का0 अरुण कुमार यादव थाना चुनार. मीरजापुर।